समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# शुभमन गिल और ऋषभ पंत के शतकों से भारत की धमाकेदार शुरुआत, हेडिंग्ले टेस्ट के दूसरे दिन बन सकते है ये 5 ऐतिहासिक रिकॉर्ड।

Publisher Published on 21 Jun 2025



## “IND vs ENG टेस्ट मे गिल-पंत की शानदार बल्लेबाजी ने भारत को मजबूत स्थिति मे पंहुंचाया, दूसरे दिन बन सकते है दोहरे शतक, शतक और फाइव विकेट हॉल जैसे कई रिकॉर्ड”

**लीड्स, हेडिंग्ले :** भारत और इंग्लैंड के बीच हेडिंग्ले में खेले जा रहे पहले टेस्ट में भारतीय टीम ने पहले दिन शानदार शुरुआत करते हुए **3 विकेट पर 359 रन** बना लिए हैं। टीम के लिए **शुभमन गिल (127)*** और **ऋषभ पंत (65)*** की नाबाद पारियों ने इंग्लिश टीम को चौंका दिया।

यह स्कोर इंग्लैंड में टेस्ट मैच के पहले दिन का भारत का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है, जो 93 वर्षों में पहली बार हुआ है।

**दूसरे दिन पर नजरे टिके इंन 5 ऐतिहासिक रिकॉर्ड्स पर :**

१. **शुभमन गिल का दोहरा शतक संभव**

कप्तान के रूप में डेब्यू कर रहे गिल 127 रन पर नाबाद हैं। अगर वह आज भी उसी लय में बल्लेबाजी करते हैं, तो वे भारत की ओर से कप्तान के रूप में डेब्यू टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन सकते हैं।

२. **ऋषभ पंत का संयमित शतक**

पंत ने संयम से खेलते हुए 65 रन बनाए हैं। अगर वह इसी तरह टिके रहे, तो उनका शतक तय माना जा रहा है। उन्होंने जोखिम

भरे शॉट्स से दूरी बनाए रखी है, जो उनके बदले हुए दृष्टिकोण को दिखाता है।

३. **करुण नायर की वापसी पर सबकी नजर**

8 साल बाद टेस्ट टीम में लौटे करुण नायर इस पिच पर एक बड़ी पारी खेल सकते हैं, जहां बल्लेबाजों को मदद मिल रही है। उनका इंग्लैंड के खिलाफ तिहरा शतक अब भी फैंस के जेहन में ताजा है।

४. **रवींद्र जडेजा से ऑलराउंड प्रदर्शन की उम्मीद**

विदेशी पिचों पर शानदार प्रदर्शन कर चुके जडेजा से बल्ले और गेंद दोनों से योगदान की उम्मीद है। उन्हें नीतीश रेड्डी और वॉशिंगटन सुंदर पर वरीयता दी गई है।

५. **जसप्रीत बुमराह की घातक वापसी**

6 महीने बाद टीम में लौटे बुमराह को स्विंग और उछाल वाली पिच मिल रही है। अगर मौसम ने साथ दिया, तो बुमराह फाइव विकेट हॉल लेकर इंग्लैंड की पहली पारी जल्दी समेट सकते हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.